COVERED CALIFORNIA

हमारे पास आपका प्लान है। और हम आपके साथ भी हैं।

चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

कैलिफ़ोर्निया वासियों के लिए हेल्थ प्लान्स। कैलिफ़ोर्निया वासियों द्वारा।

Covered California कोई स्वास्थ्य बीमा कंपनी नहीं है। हम वो लोग हैं जो कैलिफ़ोर्निया वासियों के लिए स्वास्थ्य की देखभाल को सरल, निष्पक्ष और अधिक किफ़ायती बनाते हैं। हम आपको प्लान्स की तुलना करने, आर्थिक मदद प्राप्त करने और ब्रांड-नाम कवरेज में नामांकन करने में मदद करते हैं। अधिकतर मेंबर्स को मासिक प्रीमियम कम करने के लिए आर्थिक मदद मिलती है, और सभी को समान उच्च-गुणवत्ता वाली बीमा कवरेज की गारंटी दी जाती है। हम आपके लिए मौजूद हैं। हम आपके लिए लड़ते हैं। क्योंकि हम आप का ही रूप हैं।

स्वास्थ्य सेवा, और वो भी बिना किसी “शंका” के?

हम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में माहिर हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कभी भी मदद की आवश्यकता पड़ने पर, 800-300-1506 पर कॉल करें या वेबसाइट CoveredCA.com. पर जाएँ। हम कई भाषाओं में, और साथ ही जो लोग ऊँचा सुनते हैं उनके लिए, ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से और फ़ोन पर निःशुल्क विशेषज्ञ सहायता प्रदान करते हैं।

पहला चरण।

पता करें कि आप स्वास्थ्य बीमा का भुगतान करने के लिए मदद पाने के योग्य हैं या नहीं।।

लगभग 5 में से 4 नामांकित लोगों को मासिक प्रीमियम कम करने के लिए आर्थिक मदद मिलती है। आर्थिक मदद की राशि आपके परिवार की आय, परिवार के सदस्यों की संख्या, और आपके रहने के स्थान पर निर्भर करती है।

यह देखने के लिए कि क्या आप आर्थिक मदद के लायक हैं, QR कोड स्कैन करें या CoveredCA.com पर जाएँ

दूसरा चरण

अपने कवरेज संबंधी विकल्पों के बारे में जानें।

Covered California चार स्तर का कवरेज प्रदान करती है, जो हैं: ब्रोंज़, सिल्वर, गोल्ड और प्लैटिनम। बीमा कंपनियां कवर्ड सेवाओं के एक हिस्से का भुगतान करती हैं, और प्रत्येक स्तर के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभ, एक समान होते हैं चाहे आप किसी भी बीमा कंपनी का चयन करें।

प्लैटिनम या **गोल्ड** चुनने पर, आपको ज्यादा मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए कम पैसे देने पड़ेंगे।

सिल्वर या **ब्रोंज़** चुनने पर, आपको कम मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे।

30 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए, या 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के उन लोगों के लिए **न्यूनतम कवरेज योजना** की व्यवस्था की गई है, जिन्हें Covered California से कठिनाई की छूट मिली है, न्यूनतम कवरेज योजना उपलब्ध है।

CoveredCA.com पर जाएं और यह जानने के लिए "**खरीदें और तुलना करें**" का चयन करें कि कौन-कौन सी ब्रांड-नाम स्वास्थ्य योजनाएं आपके लिए सही हैं।

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

मेटल टियर द्वारा 2027 मानक कवरेज लाभ

मुख्य लाभ	**ब्रोंज़** औसत वार्षिक खर्च का 60% कवर करता है	**सिल्वर** औसत वार्षिक खर्च का 70% कवर करता है[1]	**गोल्ड** औसत वार्षिक खर्च का 80% कवर करता है	**प्लैटिनम** औसत वार्षिक खर्च का 90% कवर करता है
व्यक्तिगत / पारिवारिक चिकित्सा कटौती योग्य राशि	$5,800/$11,600	$4,700/$9,400	कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं	कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं
वार्षिक निवारक देखभाल दौरा	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं	कोई लागत नहीं
प्राथमिक देखभाल दौरे का सह-भुगतान	$60	$50	$40	$20
अत्यावश्यक देखभाल दौरे का सह-भुगतान	$60	$50	$40	$20
आपातकालीन कमरे का सह-भुगतान	40%[2]	$400	$350	$225
जेनेरिक दवा का सह-भुगतान	$20	$20	$19	$10
एक व्यक्ति के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि	$11,650/वर्ष	$11,650/वर्ष	$9,600/वर्ष	$5,500/वर्ष
परिवार के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि[1]	$23,300/वर्ष	$23,300/वर्ष	$19,200/वर्ष	$11,000/वर्ष

शुरु करने के लिए, CoveredCA.com पर जाएं या 800-300-1506 पर कॉल करें।

इस चार्ट में सभी चिकित्सा सह-भुगतान और सह-बीमा दरों का विवरण शामिल नहीं है। सम्पूर्ण जानकारी के लिए, CoveredCA.com पर जाएं।
1. सिल्वर एकमात्र ऐसा स्तर है जहाँ आपकी लागत, आपकी घरेलू आय के आधार पर कम हो सकती है। इन योजनाओं को एन्हेंस्ड सिल्वर प्लान्स भी कहा जाता है।
2. कटौती योग्य धनराशि के बाद 40% से लेकर हर वर्ष जेब से खर्च होने वाली अधिकतम धनराशि तक।

COVERED CALIFORNIA

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

तीसरा चरण।

नामांकन करवाने के लिए आपको क्या-क्या चाहिए

कवरेज के लिए आवेदन करने वाले घर के प्रत्येक सदस्य को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी:

- घर का ज़िप कोड
- जन्म-तिथि
- वर्तमान घरेलू आय का प्रमाण[1]
- कैलिफ़ोर्निया ID या ड्राइविंग लाइसेंस
- सामाजिक सुरक्षा नंबर या व्यक्तिगत भुगतानकर्ता पहचान नंबर (ITIN), यदि आपके पास इनमें से कोई है
- नागरिकता या न्यायसंगत मौजूदगी का प्रमाण (जैसे, अमेरिकी पासपोर्ट, नागरिकता प्रमाणपत्र या प्राकृतिकीकरण दस्तावेज़, या ग्रीन कार्ड, या कोई मान्य वीज़ा)[2]

क्या मुझे जीवन बीमा लेने की आवश्यकता है?

कैलिफ़ोर्निया में, अधिकांश लोगों को कानून द्वारा स्वास्थ्य बीमा लेना या टैक्स पेनल्टी का भुगतान करना आवश्यक है। यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है या आप छूट के योग्य हैं, तो अपनी संभावित व्यक्तिगत साझा जिम्मेदारी दंड का अनुमान लगाने के लिए फ्रैंचाइज़ी टैक्स बोर्ड की वेबसाइट www.ftb.ca.gov पर जाएँ।

एच.एम.ओ. पी.पी.ओ. ई.पी.ओ.

आईये, इन सबके बारे में समझने में हम आपकी सहायता करें
अधिकांश बीमा कंपनियां तीन प्रकार की योजनाएं प्रदान करती हैं:

एच.एम.ओ., हेल्थ मेंटेनेंस ऑर्गनाइजेशंस, योजना के नेटवर्क के भीतर केवल चिकित्सा सेवाओं को कवर करते हैं। एच.एम.ओ. के लिए सदस्यों को अक्सर किसी विशेषज्ञ से मिलने हेतु अपने प्राथमिक देखभाल डॉक्टर का रेफरल लेना पड़ता है।

पी.पी.ओ., प्रिफर्ड प्रोवाइडर ऑर्गनाइजेशंस, योजना के नेटवर्क के भीतर और बाहर दोनों जगहों पर चिकित्सा सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं, लेकिन सदस्यों को आउट-ऑफ़- नेटवर्क देखभाल के लिए ज्यादा खर्च का भुगतान करना पड़ता है। इसमें किसी विशेषज्ञ से मिलने हेतु रेफरल की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

ई.पी.ओ., एक्सक्लूसिव प्रोवाइडर ऑर्गनाइजेशंस, आम तौर पर योजना के नेटवर्क के बाहर होने वाली देखभाल को कवर नहीं करते हैं, लेकिन इसमें सदस्यों को इन-नेटवर्क विशेषज्ञ से मिलने के लिए किसी रेफरल की आवश्यकता नहीं भी पड़ सकती है।

यहाँ इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि सभी एच.एम.ओ., पी.पी.ओ. और ई.पी.ओ. एक समान नहीं होते। कोई भी योजना चुनने से पूर्व, कौन-कौन से डॉक्टर एवं अस्पताल को कवर किया जाता है और आउट-ऑफ़-नेटवर्क डॉक्टर से मिलने में कितना खर्च आएगा, के बारे में जानकारी पाने हेतु **CoveredCA.com** पर जाकर "**शॉप एंड कम्पेयर**" टूल का उपयोग करें।

चौथा चरण

एक अकाउंट बनाएं और नामांकन करें।

CoveredCA.com में अपनी योजना को नामांकित करें। बस एक यूज़र अकाउंट बनाएं और तीसरे चरण में दी गई जानकारी की मदद से नामांकन प्रक्रिया का अनुसरण करें।

पांचवां चरण

अपने प्रीमियम का भुगतान करें

आपका कवरेज जारी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए समयानुसार अपने मासिक प्रीमियम का पूरा भुगतान करें। प्रीमियम भरने में विफल होने पर आपका हेल्थ कवरेज बाधित या रद्द भी हो सकता है।

COVERED CALIFORNIA

खुला नामांकन: 1 नवम्बर – 31 जनवरी तक

MEDI-CAL: वर्ष-भर उपलब्ध

विशेष नामांकन: जीवन की अधिकाँश घटनाओं के बाद 60 दिनों तक उपलब्ध

विशेष नामांकन, कैलिफ़ोर्निया वासियों को जीवन में अधिकाँश बड़े परिवर्तनों के बाद 60 दिनों के अंदर कवरेज प्राप्त करने की अनुमति देता है, जैसे कि स्वास्थ्य बीमा खोना, परिवार के आकार में परिवर्तन, या कैलिफ़ोर्निया में या उसके अंदर किसी और जगह पर जाना।

विशेष नामांकन से संबंधित और ज़्यादा जानकारी के लिए, CoveredCA.com/special-enrollment पर जाएं

1. करदाता परिवार के सभी सदस्यों की मौजूदा आय का प्रमाण, जैसे कि हालिया कर रिटर्न, W-2 फ़ॉर्म या वेतन पर्ची। आश्रित की आय तभी शामिल की जानी चाहिए जब उनकी आय का स्तर कर रिटर्न दाखिल करने की ज़रुरत हो। परिवार का मतलब है प्राथमिक करदाता और उस व्यक्ति के करों में शामिल सभी आश्रित। अगर आप कर दाखिल नहीं करते हैं, तब भी आप Medi-Cal के ज़रिये मुफ़्त या कम-खर्चे वाले बीमा के लिए योग्य हो सकते हैं।
2. अगर आप खुद योग्य नहीं हैं, तब भी आप अपने योग्य बच्चे या जीवनसाथी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

Covered California complies with applicable federal civil rights laws and does not discriminate on the basis of race, color, national origin, age, disability, or sex.
1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500). Atención: Si habla español, tiene a su disposición servicios gratuitos de asistencia lingüística. Llame al 1-800-300-0213 (TTY: 1-888-889-4500).
注意：如果您使用繁體中文，您可以免費獲得語言援助服務。請致電
1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500).

आपको जो उत्तर चाहिए।
आपको जो कवरेज चाहिए।
आपके लिए सहायक सहायता।

COVERED CALIFORNIA

कलिफॉर्निअन्स
के लिए
दिल से

आप एक व्यक्ति हैं। कोई प्रीमियम नहीं।

अफ़ोर्डेबल केयर एक्ट (ACA) के अधीन, Covered California यह गारंटी देता है कि —

- पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएं किसी व्यक्ति को बीमा कवरेज से वंचित नहीं कर सकतीं।
- आपकी बीमारी या चोट के कारण आपका स्वास्थ्य बीमा प्लान रद्द नहीं किया जा सकता।
- सभी प्लान्स में मुफ़्त निवारक देखभाल शामिल है।
- युवा वयस्क 26 वर्ष की आयु तक अपने माता-पिता के प्लान के तहत कवर किए जा सकते हैं।
- इमिग्रेशन/नागरिकता के स्टेटस सहित सभी निजी जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

आईये आपकी सहायता करें

हम सीधी बात करने के लिए यहाँ हैं, न कि गोल-मोल बातें करने के लिए। अगर आपके कोई सवाल हों या आप मुफ़्त स्थानीय सहायता प्राप्त करना चाहते हैं, तो संपर्क करें:

CoveredCA.com पर या 800-300-1506 पर कॉल करें।

COVERED CALIFORNIA

कलिफॉर्निअन्स
के लिए
दिल से